देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 28 अप्रैल 2022। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के ईएमआरसी विभाग एवं FO2.in के साथ मिलकर ''फोटोग्राफी में व्यवसाय की संभावनाए एवं कैमरा और अन्य उपकरण क्रय करने हेतु सुझाव'' पर एक वर्कशाप विश्वविद्यालय आडिटोरियम में आयोजित की गई। वर्कशाप में ईएमआरसी एवं वि.वि. के अन्य विभागों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया । FO2.in के निदेशक श्री अमन उत्तमचंदानी ने फोटोग्राफी में व्यवसाय पर व्याख्यान दिया साथ ही उन्होने फोटोग्राफी के व्यवसाय में आयकर रिर्टन एवं जीएसटी के महत्व पर भी चर्चा की। म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ के Fujifilm के सेल्स एवं टेक्नीकल हेड श्री सुनील शर्मा ने कैमरा और उससे संबंधित अन्य उपकरण जैसे लेंस, फिल्टर इत्यादि खरीदने से पहले किन–किन बिन्दुओं पर ध्यान देना चाहिए, इस पर विस्तार से चर्चा की एवं कैमरा से संबंधित तकनीकी पहलुओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया ।

मंच पर कैमरा, लाईट एवं अन्य उपकरणों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रदर्शित किया तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया गया। वर्कशाप में श्री श्रेयस घोंसले, श्री मानस पालकर एवं श्री राहुल ठक्कर ने सहयोग किया।

ईएमआरसी विभाग की ओर से निदेशक डॉ. चंदन गुप्ता, डॉ. नारायण पाटीदार, श्री विशाल दीक्षित एवं श्री रेसिन पॉल उपस्थित थे।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी